मुझे तुम बुलालो बाबा शरण में | By Neelam Tiwari

मुझे तुम बुला लो ओ बाबा शरण में
तुम्हारे सिवा अब तो कोई ना हमारा....2
बहुत ठोकरें हैं मेरी जिंदगी में....2
तुम्हारे सिवा साथी कोई ना हमारा
मुझे तुम बुला लो ....

तेरे दर पर आकर तुझे मैं निहारू
अश्कों से बाबा तेरे चरण में पखारू...2
हमेशा रहूँ में तेरी दासी बन कर
होता रहे मुझको दर्शन तुम्हारा
मुझे तुम बुला लो ....

नहीं कोई मंजिल नजर आती बाबा
दुनिया की महफिल नहीं भाती बाबा....2
पकड़ लो कलाई कहीं गिर ना जाऊं
तुम्हारे सिवा अब तो कहीं ना गुजारा
मुझे तुम बुला लो ....

हारे के सहारे हो श्याम खाटू वाले
उसे क्या फिकर हो जिसे तू संभाले....2
चोखानी को भी सेवा दी है तूने
लिए आस नीलम ने है तुमको पुकारा
मुझे तुम बुला लो ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a4%b0%e0%a4%a3-%e0%a4%ae/